भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 969**
उत्तर देने की तारीख 29.07.2024

**एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान**

969. **श्री रविंद्र दत्ताराम वाइकर :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए पहल की है;
(ख) यदि हां, तो महाराष्ट्र सहित तत्संबंधी राज्य–वार ब्यौरा क्या है;
(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं तथा महाराष्ट्र के लिए भविष्य की योजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(घ) इस अभियान के अंतर्गत सरकार द्वारा किन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): जी, हां। भारत सरकार के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत (ईबीएसबी)' कार्यक्रम का उद्देश्य राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को युग्मित करने की संकल्पना और अनुभवजन्य शिक्षा के माध्यम से विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लोगों के बीच संवाद और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। 16 भागीदार मंत्रालयों/विभागों द्वारा भाषा अध्ययन, संस्कृति, परंपराओं और संगीत, पर्यटन और खान-पान, खेल और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने आदि के क्षेत्रों में युग्मित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के बीच निरंतर और संरचित सांस्कृतिक संपर्क को बढ़ावा देने के लिए पूरे वर्ष कार्यकलाप आयोजित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, युवाओं को भारतीय संस्कृति और विरासत के विविध पहलुओं के प्रति संवेदनशील बनाने और उनमें गहन अनुभव प्रदान करने के लिए ईबीएसबी के बैनर के तहत विशेष पहलें और अभियान आयोजित किए जाते हैं। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

i. **युवा संगम** : यह एक जारी शैक्षिक-सह-सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम है जिसका मूल भाव विविधता का उत्सव मनाना है, जिसमें प्रतिभागियों को मेजबान राज्य की भाषा, साहित्य, भोजन, त्योहारों, परंपराओं, कला रूपों, वास्तुकला, इंजीनियरी और ऐतिहासिक अचंभों का गहन अनुभव प्राप्त होता है।

ii. **काशी तमिल संगमम (केटीएस)** : ईबीएसबी के तत्वावधान में केटीएस के दो संस्करण आयोजित किए गए हैं, जिसका उद्देश्य प्राचीन भारत में अध्ययन के दो सुप्रसिद्ध केंद्रों, तमिलनाडु और काशी के बीच ऐतिहासिक संबंधों का कीर्तिगान करना और उन्हें सुदृढ़ करना है। दोनों संस्करणों में लगभग 3,900 तमिल प्रतिनिधियों ने गहन सांस्कृतिक अनुभव के लिए वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या की 8 दिवसीय यात्रा की। केटीएस के तहत कार्यकलापों में संगोष्ठियां, प्रदर्शन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के हथकरघा, हस्तशिल्प, व्यंजन और ऐतिहासिक स्थलों को दर्शाने वाली प्रदर्शनियाँ शामिल थीं।

iii. **एक भारत संस्कृति संगम (ईबीएसएस)** : युवाओं (18-30 वर्ष) को विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की संस्कृतियों, परंपराओं और कला रूपों को सीखने और अपनाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए जुलाई से अक्टूबर, 2023 तक एक ऑनलाइन सोशल मीडिया अभियान चलाया गया। उन्हें चार श्रेणियों अर्थात नृत्य, गायन, चित्रकला और फोटोग्राफी के तहत अपने गृह राज्य के अलावा किसी अन्य राज्य की भाषा में एक कला रूप का प्रदर्शन करना अपेक्षित था।

युवा संगम के प्रारंभिक चरण सहित, इसके विभिन्न चरणों में देश भर में कुल 5,284 प्रतिभागियों और समन्वयकों ने भाग लिया। युवा संगम के विभिन्न चरणों में महाराष्ट्र राज्य से कुल 245 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों में संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत सभी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों (जेडसीसी) द्वारा आयोजित प्रमुख कार्यकलाप **अनुलग्नक** पर दिए गए हैं।

(ग) : संस्कृति मंत्रालय ईबीएसबी के अंतर्गत अपने क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों (जेडसीसी) के माध्यम से युग्मित राज्यों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों/कार्यकलापों का आयोजन करता है। महाराष्ट्र में जिन प्रस्तावित कार्यकलापों की योजना है, उनमें लोक कला दर्शन, लोक नृत्य भारत भारती, जनजातीय नृत्य महोत्सव, लोक रंगमंच महोत्सव, पारंपरिक/जनजातीय चित्रकला कार्यशाला, स्त्री महोत्सव, डॉ. वसंतराव देशपांडे स्मृति संगीत महोत्सव, ऑरेंज सिटी क्राफ्ट मेला और लोक नृत्य महोत्सव-2025, पत्थर पर नक्काशी कार्यशाला-2024, अभिव्यक्ति सांस्कृतिक कथा, गुरु शिष्य परंपरा, अनुसंधान और प्रलेखन आदि शामिल हैं।

(घ) और (ङ): ईबीएसबी के अंतर्गत, मंत्रालयों/विभागों और उनके प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में आने वाले संस्थानों के सहयोग से महाराष्ट्र सहित पूरे भारत में कार्यकलापों की योजना तैयार की जाती है और उनका कार्यान्वयन किया जाता है।

****

अनुलग्नक

'एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान' के संबंध में दिनांक 29 जुलाई, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 969 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों में सभी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों द्वारा आयोजित मुख्य कार्यकलाप

| क्रम सं. | मुख्य कार्यकलाप का नाम | वह राज्य जहां कार्यकलाप आयोजित किया गया |
|---|---|---|
| 1 | बाबा शेख फ़रीद आगमन पर्व | पंजाब |
| 2 | अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव | हरियाणा |
| 3 | मिजार मेला | हिमाचल प्रदेश |
| 4 | मीरा महोत्सव | राजस्थान |
| 5 | राष्ट्रीय लोक रंग महोत्सव | राजस्थान |
| 6 | सिंधु दर्शन महोत्सव | संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख |
| 7 | चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला | संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ |
| 8 | आदि शौर्य-पर्व पराक्रम का | दिल्ली |
| 9 | भारत पर्व | दिल्ली |
| 10 | क्षेत्रीय स्तर का राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव | राजस्थान |
| 11 | ऊँट महोत्सव | राजस्थान |
| 12 | वितस्ता-कश्मीर का उत्सव | संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर |
| 13 | वत्सल भारत | महाराष्ट्र |
| 14 | क्षेत्रीय स्तर का राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव | महाराष्ट्र |
| 15 | अमृत कलश यात्रा (मेरी माटी मेरा देश) | महाराष्ट्र |
| 16 | वारली कला शिविर एवं जनजातीय कार्यशाला | महाराष्ट्र |
| 17 | काशी तमिल संगमम | उत्तर प्रदेश |
| 18 | वसंतोत्सव | गुजरात |
| 19 | सौराष्ट्र तमिल संगमम | गुजरात |
| 20 | दांग दरबार | गुजरात |
| 21 | शिल्पग्राम उत्सव | राजस्थान |
| 22 | रंगशाला | राजस्थान |
| 23 | रितु बसंत | राजस्थान |
| 24 | मल्हार | राजस्थान |
| 25 | लोक रंग महोत्सव | राजस्थान |

| | | |
|---|---|---|
| 26 | बाणेश्वर मेला | राजस्थान |
| 27 | फड़ भित्ति कार्यशाला | राजस्थान |
| 28 | गणेश उत्सव | गोवा |
| 29 | लोकोत्सव | गोवा |
| 30 | चंदेरी महोत्सव | गोवा |
| 31 | मालवा उत्सव | मध्य प्रदेश |
| 32 | पंथी नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला | छत्तीसगढ |
| 33 | रंगमध्य दक्षिणि | छत्तीसगढ |
| 34 | डॉ. वसंतराव देशपांडे स्मृति संगीत समारोह | महाराष्ट्र |
| 35 | लोक नृत्य भारत भारती | महाराष्ट्र |
| 36 | लोक कला यात्रा | कर्नाटक |
| 37 | बहुरूपी राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव | कर्नाटक |
| 38 | ऑरेंज सिटी क्राफ्ट मेला | महाराष्ट्र |
| 39 | खजुराहो नृत्य महोत्सव | मध्य प्रदेश |
| 40 | उत्तर प्रदेश उत्सव | अरुणाचल प्रदेश |
| 41 | युवा महोत्सव | सिक्किम |
| 42 | विरासत | उत्तराखंड |
| 43 | चलो मन गंगा -यमुना तीर | उत्तर प्रदेश |
| 44 | आदि महोत्सव | दिल्ली |
| 45 | चन्द्रशेखर आज़ाद जयंती समारोह | उत्तर प्रदेश |
| 46 | बिठूर महोत्सव | उत्तर प्रदेश |
| 47 | जनजातीय उत्सव | मध्य प्रदेश |
| 48 | क्षेत्रीय स्तर राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव | दिल्ली |
| 49 | पर्वतीय नाट्य समारोह | उत्तराखंड |
| 50 | मार्कण्डेय महादेव महोत्सव | उत्तर प्रदेश |
| 51 | नर्मदा उत्सव | मध्य प्रदेश |
| 52 | गाथा गायन | बिहार |

*****